# राजस्थान विश्वविद्यालय,

## जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

## बैठक कार्यवाही विवरण

माननीय कुलपति महोदया की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ इन्सपेक्शन की बैठक दिनांक 13.05.2024 को दोपहर 03:30 बजे सिण्डीकेट हॉल, कुलपति सचिवालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित की गई, उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. प्रो. अल्पना कटेजा – संयोजक
   माननीय कुलपति
2. प्रो. सुनिता अग्रवाल – सदस्य
   अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय
3. प्रो. अंजलिका शर्मा – सदस्य
   अधिष्ठाता, ललित कला संकाय
4. प्रो. अरविन्द विक्रम सिंह – सदस्य
   अधिष्ठाता, कला संकाय
5. प्रो. प्रकाश शर्मा – सदस्य
   अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय
6. प्रो. कुमुद शर्मा – सदस्य
   अधिष्ठाता, समाज विज्ञान संकाय
7. डॉ. संजुला थानवी – सदस्य
   अधिष्ठाता, विधि संकाय
8. डॉ. यदु शर्मा – सदस्य
   अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय

(प्रो. प्रदीप शर्मा, अधिष्ठाता, प्रबंधन संकाय एवं निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार उक्त बैठक में अनुपस्थित रहे।)

बोर्ड के संज्ञान में लाया गया कि सिविल रिट पिटीशन संख्या 6380/2024 एवं 7068/2019 के अन्तर्गत माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेश दिनांक 06.05.2024 की अनुपालना में आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर के पत्र दिनांक 13.03.2024 के बिन्दु संख्या 7 एवं राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (NCTE) विनिमय 2014 के बिन्दु संख्या 10 (2) के अनुसरण में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी किए गए कार्यालय आदेश क्रमांक शैक्षणिक–द्वितीय/2024/5247 दिनांक 07.05.2024 एवं कार्यालय आदेश क्रमांक शैक्षणिक–द्वितीय/2024 /6002, दिनांक 08.05.2024 में उल्लेखित समस्त सूचनाएं मय समस्त दस्तावेजों सहित समस्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं को दिनांक 08.05.2024 तक स्वयं की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने एवं तत्संबंधित लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाने बाबत दिशा–निर्देश जारी किए गये थे, लेकिन कुछ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों द्वारा वर्तमान में कार्यरत अनुमोदित प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टॉफ की सूची नियत तिथि तक स्वयं की वेबसाइट पर अपलोड नहीं की गई है, तद्नुसार अवगत करवाई गई वस्तुस्थिति का तथ्यात्मक रूप से आंकलन करने के पश्चात बोर्ड ऑफ इन्सपेक्शन द्वारा अनुशंसा की जाती है कि ऐसे समस्त महाविद्यालयों को अंतिम अवसर के रूप में अधिकतम दो दिवस (अर्थात दिनांक 15.08.2024 तक) के भीतर महाविद्यालयों में कार्यरत समस्त अनुमोदित शैक्षणिक स्टॉफ की अद्यतन सूची मय विश्वविद्यालय द्वारा जारी अनुमोदन पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय की स्वयं की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड एवं प्रदर्शित किये जाने हेतु निम्नानुसार पुनः निर्देश प्रदान किए जाए, तदनान्तर्गत वेबसाइट पर अपलोड की जाने वाली अनुमोदित शैक्षणिक स्टॉफ की अद्यतन सूची का आकलन किए जाने के पश्चात ही शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु संबंधित महाविद्यालयों की सम्बद्धता अवधि में अभिवृद्धि पर विचार किया जायेगा:–

1. विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रमानुसार (B.Ed., M.Ed, B.Sc.-B.Ed./B.A.-B.Ed, B.Ed-M.Ed) अनुमोदित किए गए समस्त शैक्षणिक स्टॉफ की अद्यतन (Updated & Approved) सूची मय शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ स्वयं की महाविद्यालयी वेबसाइट पर दिनांक 15.05.2024 तक अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

2. विश्वविद्यालय वेबसाइट पर जारी किए गए ऑन–लाईन गूगल फार्म https://forms.gle/DNjoAKUWbyQL45pz8 (जिसका लिंक विश्वविद्यालय वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर website link section पर affiliated college information form के रूप में उपलब्ध है) को भली भाँति भरते हुए अपनी महाविद्यालयी वेबसाइट का लिंक (ऑन–लाईन गूगल फार्म के माध्यम से ही) विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

3. ऐसे महाविद्यालय जिन्होंने ऑन–लाईन गूगल फार्म समस्त वांछित सूचनाओं सहित भली–भाँति भर दिया है, को पुनः ऑन–लाईन गूगल फार्म भरने की आवश्यकता नहीं होगी।

4. समस्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान दिनांक 15.05.2024 सांय 05:00 बजे तक प्रदान किए गए उक्त निर्देशानुसार कार्यवाही किया जाना हर हाल में सुनिश्चित करें, जिसके अभाव में संबंधित महाविद्यालय के संबंधित पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु सम्बद्धता अवधि में अभिवृद्धि के संबंध में विचार नहीं किया जाएगा।
5. समस्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को स्पष्ट निर्देशित किया जाए कि विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त नियुक्त एवं कार्यरत प्राचार्य एवं शैक्षणिक कर्मचारियों की अद्यतन सूचियों का विश्वविद्यालय से अनुमोदन हेतु जारी कार्यालय आदेश/पत्रों की प्रतियाँ संलग्न करते हुए महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाये।
6. इस संबंध में पत्र जारी करने की अनुशंसा की गई।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(प्रो. सुनिता अग्रवाल)
अधिष्ठाता,
विज्ञान संकाय

(प्रो. अंजलिका शर्मा)
अधिष्ठाता,
ललित कला संकाय

(प्रो. अरविन्द विक्रम सिंह)
अधिष्ठाता,
कला संकाय

(प्रो. प्रकाश शर्मा)
अधिष्ठाता,
वाणिज्य संकाय

(प्रो. कुमुद शर्मा)
अधिष्ठाता,
समाज विज्ञान संकाय

13/5/24
(डॉ. संजुला थानवी)
अधिष्ठाता,
विधि संकाय

(डॉ. यदु शर्मा)
अधिष्ठाता,
शिक्षा संकाय

(प्रो. अल्पना कटेजा)
माननीय कुलपति